स्पीड न्यूज

## 10 बच्चों का होगा निःशुल्क नामांकन

**गढ़वा।** शहर के जीएन कॉन्वेंट (10+2) स्कूल में निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009 की धारा 12 (1) (सी) के तहत कक्षा प्रथम में दस बच्चों का निशुल्क नामांकन लिया जाएगा। जानकारी देते हुए निदेशक मदन प्रसाद केशरी ने बताया कि इच्छुक अभिभावक यदि अभिवंचित और कमजोर आय अथवा अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक समुदाय से आते हैं तो सक्षम पदाधिकारी द्वारा 72000 रुपये का प्रमाण पत्र, दो रंगीन फ़ोटो, जन्मप्रमाण पत्र की सच्ची प्रतिलिपि स्कूल कार्यालय में जमा कर बच्चों का नामांकन करा सकते हैं। इन बच्चों का सत्र 2023-24 वर्ग एक से वर्ग आठवीं तक निःशुल्क पढ़ाई करायी जाएगी। यह सरकार की बहुआयामी योजना है। इच्छुक लोग लाभ ले सकते हैं।

## पीसीसी पथ का शिलान्यास

**मझिआंव।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत मोरबे में सूर्य मंदिर के समीप पंचायत मुखिया निर्मला देवी एवं पंचायत सचिव रविंद्र नाथ दुबे ने पूजा अर्चना कर व नारियल फोड़कर लगभग पांच लाख रुपए की लागत से बनने वाली पीसीसी सड़क का शिलान्यास किया। जिसके निर्माण कार्य यानि अभिकर्ता उपेंद्र यादव हैं। यह सड़क 15वें वित्त से असर्फी यादव के घर से अशोक दुबे के घर तक लगभग 400 फीट निर्माण कार्य कराया जा रही है। जिसका प्राक्कलन राशि चार लाख 98 हजार 896 रुपए है।

## पति को छोड़ विवाहिता प्रेमी के साथ फरार

**भवनाथपुर।** गढ़वा जिले के भवनाथपुर निवासी दीपक कुमार राम की पत्नी दिल्ली से अपने प्रेमी के साथ फरार हो गई। दिल्ली शहर गई विवाहिता अपने पति को छोड़कर बिहार के भभुआ जिला अंतर्गत मिसिजा गांव निवासी अपने प्रेमी चंदन शर्मा के साथ भाग गई। विवाहिता जेवरात के साथ करीब 30 हजार रूपये भी लेकर अपने प्रेमी के साथ फरार हो गई है। मामला भवनाथपुर बस्ती का है।

## युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**कोडरमा।** थाना क्षेत्र अंतगर्त चौती दुर्गा मंडप के नजदीक एक युवक द्वारा अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लेने का मामला प्रकाश में आया है। वहीं मृतक की पहचान 19 वर्षीय अमन कुमार उर्फ छोटू पिता प्रकाश राम के रूप में हुई। वहीं बताया जाता है कि उक्त युवक मामूली घरेलू विवाद को लेकर गुस्से में आकर अपने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। घटना की जानकारी मिलते ही कोडरमा थाना प्रभारी द्वारिका राम दल बल के साथ घटनास्थल पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। इस सम्बंध में थाना प्रभारी श्री राम ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद कि कुछ कहा जा सकता है, वैसे पुलिस विभिन्न पहलुओं से घटना की जांच कर रही है। इधर घटना के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

## श्री राम नवमी झंडा महासमिति की कमेटी का हुआ विस्तार

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** श्री राम नवमी झंडा महासमिति अध्यक्ष संतोष कुमार यादव ने बुधवार को महासमिति के कमेटी का विस्तार किया, जिसमें उपाध्यक्ष रवि यादव, ईश्वर मोदी, रंजीत गुप्ता, बसंत सिंह, सचिव अविनाश चंद्रवंशी, विनोद दीवाना एवं भोला राणा, कोषाध्यक्ष के रूप में सिद्धि प्रसाद, खेल मंत्री मंटू सिंह, चंदन सिंह, गोरे यादव एवं नवीन सिन्हा, मीडिया प्रभारी ओम प्रकाश निरंजन, लखन सिंह, विक्की केसरी, संगठन मंत्री सौरव यादव, संगठन सचिव गुड्डू जायसवाल, कार्यकारिणी सदस्य के रूप में अंकित गुप्ता, संदीप यादव, संतोष शर्मा, अरविंद शर्मा, अप्पू कुमार, प्रकाश यादव, सोनू यादव, राम कुमार यादव, आकाश कुमार एवं रोहित कुमार को शामिल किया गया है। इसके अलावा संरक्षक सदस्य के रूप में रमेश सिंह, महावीर, चंदन चक्रवर्ती आदि लोग मौजूद थे।

# पत्नी की गला रेत कर हत्या, आरोपी गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता





**कोडरमा।** थाना क्षेत्र अंतगर्त कोलटेक्स के समीप बुधवार सुबह करीब 9 बजे अवैध सम्बंध का आरोप लगाते हुए पति ने निर्मम रूप से अपनी पत्नी की हत्या कर दिया। वहीं मृतका की पहचान 40 वर्षीय सरिता देवी पति भीमलाल पण्डित के रूप में की गयी है। मामले को लेकर आरोपी पति भीमलाल पण्डित को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। घटना के सम्बंध में मिली जानकारी के मुताबिक पुरनानगर निवासी भीमलाल पण्डित वर्तमान में दूधिमाटी कोलटेक्स के समीप अपने दो पत्नियों और बच्चों के साथ रह रहा था। वहीं बताया जाता है कि दोनों पति पत्नी के बीच अक्सर लड़ाई झगड़ा होते रहता था, झगड़े के कारण मृतका सरिता देवी अपने मायके सरमाटांड़ चली गयी थी और बुधवार की सुबह वापस ससुराल लौटी जहां पति पत्नी में दुबारा झगड़ा हो गया, जिसके बाद पति ने चाकू से अपनी पत्नी सरिता देवी का गला रेत कर हत्या कर दिया। वहीं घटना की सूचना मिलते ही एसडीपीओ प्रवीण पुष्कर, थाना प्रभारी द्वारिका राम दलबल के साथ घटनास्थल पहुंचकर मामले की पूरी जानकारी लेते हुए आरोपी पति और उसकी पहली पत्नी को गिरफ्तार कर लिया। साथ ही हत्या में प्रयुक्त चाकू को जप्त करते हुए मृतका के शव को अपने कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।

**एसपी ने क्या कहा :** इस संबंध में एसपी कुमार गौरव ने बताया कि बुधवार की सुबह एक व्यक्ति थाना आया और सूचना दी कि उसकी दूसरी पत्नी ने चाकू से आत्महत्या कर लिया है, सूचना के आलोक में एसडीपीओ और थाना प्रभारी घटनास्थल पहुंचे और पूरे मामले की जांच की। साथ ही मृतका के पति और उसकी पहली पत्नी को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

**पति ने हत्या की बात स्वीकारी, कहा :** दस वर्षों से पत्नी का था दूसरे के साथ अवैध सम्बंध, आजिज होकर कर दिया हत्या।

आरोपी पति भीमलाल पण्डित ने बताया कि उसकी पहली पत्नी सावित्री देवी से कोई बच्चा नही होने के कारण सरिता देवी से शादी किया, जिससे दो लड़की और एक लड़का है, मगर मेरी पत्नी का चाल चलन ठीक नही था, पिछले दस वर्षों से उसका दूसरे व्यक्ति के साथ अवैध सम्बंध था, कई बार इसका विरोध करने पर भी वह नही मानी, इसको लेकर हमेशा झगड़ा होता था, बार बार मना करने के बावजूद भी वह नही मानी बल्कि उल्टे मुझे धमकी देती थी कि जब चाहेंगे तुम्हे मरवा देंगे, इससे आजिज होकर बुधवार को चाकू से उसकी हत्या कर दिया।

## डॉ.नीरा यादव ने युवाओं के लिए खेलकूद से संबंधित प्रश्न विधानसभा में पूछे

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** विधायक डॉ.नीरा यादव ने जनहित को लेकर विधानसभा में कई प्रकार के तारांकित प्रश्न पूछे, जिसके आलोक में सरकार ने जवाब दिया। वहीं उन्होने पूछा कि कोडरमा जिला में राज्य और राष्ट्रीय स्तर के आउटडोर स्टेडियम इंदौर स्टेडियम व प्रशिक्षण केंद्र के अभाव में यहां के युवाओं को सही प्रशिक्षण के अभाव में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी खेल प्रतिभा को प्रदर्शित करने का मौका नहीं मिल पाता है एवं डोमचांच प्रखंड में प्रखंड स्तरीय स्टेडियम का निर्माण नहीं होने के कारण यहां के स्थानीय युवक युवतियों को खेल प्रशिक्षण प्राप्त करने में कठिनाइयां हो रही है, उन्हें खेल प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु अन्यत्र जाना पड़ता है। वहीं डोमचांच प्रखंड में प्रखंड स्तरीय स्टेडियम के मुख्य भवन, चारदीवारी, पवेलियन का कार्य कराया गया है। वहीं उन्होने कहा तकनीकी त्रुटि के कारण वर्तमान में कार्य स्थगित है एवं कार्य प्रारंभ करने की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है।

## विश्वजीत व अभिनव ने किया जिले का नाम रोशन

खबर मन्त्र संवाददाता





**डोमचांच (कोडरमा)।** नगर पंचायत निवासी डॉ. विश्वजीत आनंद पिता संतोष कुमार ने नीट पीजी में 1800वां स्थान लाकर पुरे जिला का नाम रौशन किया है। विश्वजीत आनंद शुरु से ही मेधावी छात्र रहा है। वहीं उन्होने बताया कि वह रेडियोलॉजिस्ट बनना चाहता है। उन्होने इस सफलता का श्रेय दादा डॉ. भगवान प्रसाद, दादी देवंती देवी व माता बिंदू देवी को दिया। उन्होंने आग बताया कि उनकी प्रारम्भिक शिक्षा संत क्लेयर्स से हुई, 12वीं की पढ़ाई इंटर कलेज नवादा बिहार व एमबीबीएस की पढ़ाई बैंगलोर मेडिकल कलेज से किया। वहीं डोमचांच नगर पंचायत निवासी व्यवसायी अजय कुमार साव का पुत्र डॉ.अभिनव कुमार ने भी नीट पीजी में पूरे देश में 3500 रैंक लाया। अभिनव भी शुरु से मेधावी छात्र रहा है। उन्होने भी प्रारम्भिक शिक्षा संत क्लेयर्स से किया और एमबीबीएस की पढ़ाई नई दिल्ली से की है। वह अपनी सफलता का श्रेय माता कल्पना देवी व पिता अजय कुमार साव सहित गुरुजनों को दिया है। वही उनके इस सफलता पर जिप अध्यक्ष रामधन यादव, पूर्व जिप अध्यक्ष शालिनी गुप्ता, उपाध्यक्ष पप्पू मेहता, पूर्व मुखिया सुरेश कुमार, संजय अपोलो, गोपाल यादव, सुखदेव प्रसाद सिंह, मुरली राम, डॉ. बिनोद कुमार, धीरज कुमार, धीरेंद्र कुमार ने शुभकामनाएं दी।

# शांतिपूर्ण ढंग से चल रही हैं मैट्रिक और इंटर की परीक्षाएं

खबर मन्त्र संवाददाता



**सिमरिया (चतरा)।** प्रखंड मुख्यालय के परीक्षा केंद्रों में इंटर और मैट्रिक की परीक्षाएं शांतिपूर्ण ढंग से चल रही है। प्रखंड मुख्यालय में उक्त परीक्षाओं के संचालन लिए 4 केंद्र बनाए गए हैं जिसमें राज्य संपोषित प्लस टू उच्च विद्यालय सिमरिया, इंटर महाविद्यालय सिमरिया, बुनियादी विद्यालय सिमरिया और मध्य विद्यालय बगरा शामिल है। इस वर्ष पहली बार मध्य विद्यालय बगरा को परीक्षा केंद्र बनाया गया है जिसमें मैट्रिक की परीक्षा चल रही है। बगरा मध्य विद्यालय को परीक्षा केंद्र बनाए जाने का वहां के ग्रामीणों ने स्वागत किया है और जिला प्रशासन के प्रति आभार जताया है। प्लस टू उच्च विद्यालय और इंटर महाविद्यालय में दोनों पारियों में परीक्षाएं संचालित की जा रही है। पहली पारी में मैट्रिकी तथा दूसरी पारी में इंटर की परीक्षाएं संचालित हो रही है। परीक्षाओं का संचालन दंडाधिकारियों की देखरेख में हो रहा है। परीक्षाओं की सुरक्षा व्यवस्था स्थानीय पुलिस प्रशासन संभाल रही है। इन परीक्षाओं के चलते चौक चौराहों की रौनक बढ़ी हुई है और होटलों, खेलों और खोमचों की चांदी कट रही है। परीक्षाएं शुरू होने और समाप्त होने के दौरान मुख्य सड़कों पर काफी भीड़ उमड़ रही है जिसके कारण आवागमन में थोड़ी कठिनाई उत्पन्न हो रही है। बुधवार को राज्य संपोषित प्लस टू उच्च विद्यालय में कुल 559 परीक्षार्थी शामिल हुए जबकि 16 अनुपस्थित रहे। मजिस्ट्रेट नीतीश कुमार और एसआई बिरसा उरांव के उपस्थिति में शांति पूर्ण तरीके से परीक्षा संपन्न हो रही हैं। एसडीओ सुधीर कुमार दास ने बताया कि सभी परीक्षाएं शांतिपूर्ण और कदाचार मुक्त हो रही है। परीक्षाओं के सफल संचालन के लिए सभी आवश्यक उपाय किए गए हैं।

## 15 कस्तूरबा स्कूल कर्मियों का किया गया स्वागत




कार्यक्रम में शामिल लोग।

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** समग्र शिक्षा अभियान गढ़वा तथा जिले के सभी कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय परिवार के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को राजकीयत रामासाहु प्लस टू उच्च विद्यालय के प्रशाल में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। विभिन्न कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में पुनः योगदान करने वाले 15 शिक्षिकाएं एवं लेखापाल को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित डीईओ अनीता पूर्ति ने पुनः योगदान करने वाले सभी शिक्षिकाओं एवं लेखापालों को बााई एवं शुभकामनाएं दी।

### जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक संपन्न

## बीपीओ के कार्यों की समीक्षा कर नियमानुसार करें कार्रवाई : डीसी

खबर मन्त्र संवाददाता




**चतरा।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में जिला समन्वय समिति, मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण एवं अन्य सभी विकास तथा कल्याणकारी योजना, सामाजिक सुरक्षा, पेंशन, रूर्बन मिशन योजना इत्यादि कि समीक्षा बैठक की गई। बैठक में उपस्थित सभी विभागों के संबंधित पदाधिकारियों को योजनाओं को पूर्ण करने में आनेवाली समस्याओं से अवगत कराने को लेकर बारी बारी से सभी को आमंत्रित किया गया। इस मौके पर जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा उपायुक्त को जानकारी दी गई कि जिले के कुछ विद्यालयों में बढ़ते तापमान के कारण चापानल का जल स्तर नीचे जाने से पेयजल की समस्या उत्पन्न हो रही है। इस संदर्भ में उपायुक्त ने पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल चतरा के कार्यपालक अभियंता को निर्देशित किया कि जिला शिक्षा पदाधिकारी के साथ समन्वय स्थापित कर विद्यालयों में खराब पड़े चापानल व हो रहे पेयजल की समस्या को यथा शीघ्र बहाल करें। उक्त बैठक में उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, अपर समाहर्ता पवन कुमार मण्डल, निदेशक डीआरडीए अरूण कुमार एक्का, अनुमण्डल पदाधिकारी चतरा मुमताज अंसारी, अनुमण्डल पदाधिकारी सिमरिया सुधीर कुमार दास, जिला भू अर्जन पदाधिकारी गौरांग महतो, सिविल सर्जन श्यामनंदन सिंह, जिला पंचायती राज पदाधिकारी पुर्णिमा कुमारी, जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी शिवनंदन बड़ाईक, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद चतरा अभय झा, जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश कुमार मिश्र, जिला शिक्षा अधीक्षक अभिषेक बड़ाईक समेत अन्य सभी संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## वित्तीय साक्षरता एवं डिजिटल ट्रांजेक्शन अभियान की शुरुआत

खबर मन्त्र संवाददाता



संबोधित करते पदाधिकारी।

**भवनाथपुर।** प्रखंड में आज़ादी के अमृत महोत्सव 20 कार्यक्रम के अंतर्गत बुधवार को प्रखंड सभागार में वित्तीय साक्षरता एवं डिजिटल ट्रांजेक्शन अभियान की शुरूआत बीडीओ जयपाल कुमार महतो, प्रमुख शोभा देवी एवं बीपीओ दयानंद प्रजापति ने संयुक्त रूप दीप प्रज्जवलित कर किया।

इस दौरान अभियान के विषय पर जेएसएलपीएस के सखियों ने बताया कि डिजिटल अमृत अभियान में, ब्याज दरों की गणना, महिलाओं को जागरूक करना एवं महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देना, पैसा लेने-देने में वित्तीय समावेशन में मिलने वाली सहायता के साथ सावधानी पर भी विशेष ध्यान देना एवं साइबर क्राइम से बचना चाहिए। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य डिजिटल लेनदेन में सभी को पारदर्शिता के साथ सहायता प्रदान करना एवं इससे सभी दीदियों को जागरूक करना है।

सखी मंडल की दीदीयों को संबोधित करते हुए बीडीओ ने कहा कि डिजिटल साक्षरता का मतलब क्या होता है। इससे आप सबों को अवगत कराने के उद्देश्य से यह अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान से आप सब दीदियों को बैंक जाने से छुटकारा मिल जाएगा। बीडीओ ने कहा कि इस तरह के अभियान से सखी मंडल की दीदियों को भविष्य में भी फायदा होगा। उन्होंने कहा कि इस तरह का सभी पंचायत में किया जाएगा। ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में सभी लोग इस अभियान का जानकारी प्राप्त कर सकें।

प्रमुख शोभा देवी ने हुए कहा कि डिजिटल अमृत अभियान में वित्तीय समावेशन में मिलने वाली सुविधाओं के साथ ही सावधानी पर भी विशेष रुप से ध्यान देना जरूरी है। जहां हमें घर बैठे बैंकिंग सुविधा मिलता है, वहीं दूसरी ओर एक गलत कदम से बैंक खाता को खाली भी कर सकता है और उन्होंने सभी से वित्तीय लेन-देन में सावधानी पर विशेष ध्यान रखने को कहा। मौके पर जेई प्रेमचंद गुप्ता, जेएसएलपीस को-आर्डिनेटर विष्णु प्रसाद यादव, पुष्पा कुमार, आईपीआरपी रंजिता कुजूर, मडवारी उरांव, महेश कुमार, बीआरपी रौशन लाल, अंजू कुमारी, जेआरपी रीता देवी, किरण कुमारी, सावित्री देवी, एफएलसीआरपी मीना गुप्ता, रेखा कुमारी, सीमा कुमारी, ममता कुमारी, कंचन देवी, रीता देवी, मानती देवी आदि लोग उपस्थित थे।

एक नजर में

## रामनवमी पूजा महासमिति का पुनर्गठन संजय बने अध्यक्ष और सतीश महासचिव

**इटखोरी।** कृषि फार्म स्थित निमार्णाधीन हनुमान मंदिर में बुधवार को रामनवमी महासमिति की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता राजकुमार सिंह ने की। बैठक में रामनवमी पूजा समिति का पुनर्गठन किया गया। सर्व सम्मति से संजय शर्मा को रामनवमी पूजा समिति का अध्यक्ष व सतीश सिंह को महासचिव बनाया गया। इसके अलावा ओमप्रकाश सिंह, बबलू राज, श्यामू सिंह, उदय कुमार सिंह, पंकज कुमार सिंह को उपाध्यक्ष, अशोक कुमार सिंह को कोषाध्यक्ष, टुन्नी सिंह, राजू शर्मा, सुधीर राय, सच्चिदानंद प्रसाद को सचिव बनाया गया। जबकि प्रखंड प्रमुख, जिला परिषद सदस्य, पंचायत समिति सदस्य, इटखोरी पंचायत मुखिया, पूर्व महासमिति अध्यक्ष, राजकुमार सिंह, दिलीप साव, रत्न शर्मा को महासमिति का संरक्षक बनाया गया।

## बूथ सशक्तिकरण अभियान की समीक्षा

**गिद्धौर।** प्रखंड मुख्यालय स्थित बटेश्वर शिव मंदिर सामुदायिक भवन में भारतीय जनता पार्टी गिद्धौर मंडल के मतदान केंद्र सशक्तिकरण अभियान हेतु बैठक हुई जिसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष कपिल कुमार एवं संचालन महामंत्री सह सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार कुशवाहा ने किया। बैठक को मंडल अध्यक्ष कपिल कुमार ने संबोधित करते हुए कहा कि माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी देश की संस्कृति को बचाने और भारत माता को परम वैभव पर पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य कर रहें हैं। भाजपा के प्रत्येक कार्यकर्ता को पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ देश के लिए कार्य करने की आवश्यकता है आने वाले लोकसभा चुनाव एवं विधानसभा चुनाव में पार्टी को प्रचंड बहुमत जीत दिलाने हेतु सभी अल्पकालिक विस्तारक अपने-अपने पंचायत में प्रवास कर उस पंचायत के प्रभारी,संयोजक सह संयोजक के साथ मिलकर बुथ समिति को सशक्त करें।

## नाबालिग की गला रेतकर हत्या, दुष्कर्म की आशंका

**चतरा।** सदर थाना क्षेत्र के छोटकी देवरिया गांव में खेत से संदेहास्पद स्थिति में एक बच्ची का शव मिलने से सनसनी फैल गयी। ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। घटना की सूचना पाकर दलबल के साथ एसडीपीओ अविनाश कुमार, प्रशिक्षु डीएसपी धनंजय राम व थाना प्रभारी मनोहर करमाली घटनास्थल पर पहुंचे। आशंका जताई जा रही है कि नाबालिग की रेप के बाद गला रेत कर हत्या की गई है। इसके बाद मेडिकल टीम को बुलाया गया। पुलिस घटना के हर संभावित पहलुओं की गहनता से जांच कर रही, कई लोगों से गहन पूछताछ भी हो रही है। खबर के मुताबिक देर रात गांव में आयोजित चार अलग-अलग शादी समारोह में शिरकत करने बच्ची घर से निकली थी। अगली सुबह खेत से बच्ची का शव मिलने से गांव में मातम पसर गया।

## चिल्ड्रेन पार्क में शादी समारोह का आयोजन, लोगों में दिखी नाराजगी

**कोडरमा।** बच्चों के मनोरंजन के लिए झुमरीतिलैया शहर में खोले गये चिल्ड्रेन पार्क में संवेदक व नगर परिषद की सहयोग से अब यहां शादी समारोह का आयोजन किया जाने लगा है, जो नियम शर्त के विपरीत है। नगर परिषद के इस खेल से आम जनों में काफी रोष है, साथ ही लोगों ने इसे आमजनों के साथ धोखा बताया। लोगों ने कहा कि चिल्ड्रेन पार्क में रात 8 बजे के बाद पाबंदी रहती है। ऐसे में नगर परिषद नियम व शर्तें को ताक पर रखकर इकरारनामा के विपरीत जाकर ऐसे आयोजन के लिए आदेश दिया जाना कहीं से भी जायज नहीं है।

## भव्य शोभायात्रा के साथ मां मथुरासिनी महोत्सव शुरू

**जयनगर (कोडरमा)।** माहुरी वैश्य मंडल परसाबाद की ओर से तीन दिवसीय मां मथुरासिनी महोत्सव का सुभारंभ बुधवार को भव्य शोभा यात्रा के साथ हुई। शोभा यात्रा पूजा स्थल से दुर्गा मंदिर होते हुए रामजनकी मंदिर कटिया से पूजा स्थल तक पहुंची, जिसमे समाज की बच्चियों के द्वारा मां मथुरासिनी की आकर्षक झांकी एवं राधाकृष्ण व हनुमान की झांकी के साथ शोभा यात्रा निकाली गई। जिसमें माहुरी वैश्य मंडल के सभी लोगो ने अपने सहभागिता निभाई।

## जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन

**कोडरमा।** भारतीय जनता पार्टी जिला द्वारा केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री सह सांसद अन्नपूर्णा देवी के आवास पर बुथ सशक्तिकरण अभियान की जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष नितेश चंद्रवंशी एवं संचालन जिला महामंत्री सह संयोजक अनुप जोशी ने किया। वहीं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा झारखंड चुनाव प्रबंधन समिति प्रमुख मृत्युंजय शर्मा, कोडरमा जिला प्रभारी टुन्नु गोप उपस्थित हुए। वहीं नितेश चंद्रवंशी ने सभी मंडल अध्यक्षों को एवं सभी शक्ति केंद्र के विस्तारक को बुथ सशक्तिकरण के लिए आवश्यक निर्देश दिये वहीं मृत्युंजय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में तीसरी बार सरकार बनानी और हैट्रिक लगानी है।

## रखरखाव के कारण करोड़ों के उपकरण हो रहे बर्बाद

**कोडरमा।** नगर परिषद के द्वारा करोड़ों रुपए खर्च कर साफ-सफाई सहित नागरिए सुविधा के लिए खरीदे गए अधिकांश साधन रखरखाव के कारण बर्बाद होने के कगार पर पहुंच गए हैं। पानी टंकी रोड स्थित यार्ड में रखे गए उपकरण जंग खाकर सड़ रहे हैं। वहीं बाजार समिति प्रांगण व नगर परिषद कार्यालय के निकट हाल ही में बनाए गए यार्ड में रखे गए इन उपकरणों को अब तक शेड भी उपलब्ध नहीं कराया जा सका है, सभी उपकरण खुले में रखे जा रहे हैं। विधायक डॉ.नीरा यादव के विरोध के बावजूद सड़कों पर झाड़ू लगाने वाला स्वचालित स्वीपर मशीन, कूड़ा उठाने वाले पे लोडर, ट्रैक्टर व नगर परिषद झुमरीतिलैया के कई प्रकार के उपकरण शामिल हैं। मिली जानकारी के अनुसार खराब पड़े इन अधिकांश उपकरणों को मामूली मरम्मत के पश्चात फिर से कार्य योग बनाया जा सकता है, मगर इसकी मरम्मत में नप पदाधिकारी विनीत कुमार कोई रुचि नहीं दिखा रहे हैं। इस संबंध में जब नप के कार्यपालक प्रशासक से जानकारी ली गई तो उन्होंने पहले तो कुछ भी बोलने से इनकार कर दिया, बाद में कहा की नगर परिषद के पीछे यार्ड निर्माण के लिए निविदा निकाली गयी है।

## विवेकानंद कॉन्वेंट स्कूल में चिल्ड्रेन पार्क का उद्घाटन

**कोडरमा।** चेचई, चाराडीह स्थित विवेकानंद कन्वेंट स्कूल के कैम्पस में बच्चों के मनोरंजन को लेकर कौटिल्य चिल्ड्रेन पार्क का उद्घाटन हुआ। इस उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि बैंक अफ इंडिया चाराडीह ब्रांच के शाखा प्रबंधक नरेंद्र कुमार शाही ने रिबन काटकर व नारियल फोड़कर शुभारंभ किये। वहीं उन्होंने बच्चों को कहा कि उत्तम स्वास्थ्य व स्फूर्त दिमाग के लिए पढ़ाई के साथ साथ मनोरंजन भी जरूरी होता हैं। मौके पर राधेश्याम पंडित, खुशबू गुप्ता, राहत अली, उत्तम कुमार, चंदन कुमार चौधरी, अनुपम कुमार दास, राजीव रंजन, ष्णा पंडित, सुचित्रा सिन्हा, मधुलिका गुप्ता, रानी शर्मा, निशा भारती, शिवानी पाठक, बबली श्रीवास्तव, पूजा यादव आदि विद्यालय के सभी छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

परिजनों ने स्कूल प्रबंधन पर लगाया लापरवाही का आरोप, बालक नहीं रहना चाहता था हॉस्टल में, दो दिन पूर्व भी घर जाने की कर रहा था जिद्द

# छत से गिरने से छात्र की मौत, जांच में जुटी पुलिस





जांच करने पहुंची पुलिस एवं रोते-बिलखते परिजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** शहर के महुआडंगाल स्थित एक निजी विद्यालय में हृदय विदारक घटना मंगलवार को घटी। प्लस टू पीजी स्कूल नामक विद्यालय के छत से एक छात्र के गिरने से दर्दनाक मौत हो गई। जानकारी के अनुसार घटना स्कूल में लंच के अवकाश के समय घटी। 9 वर्षीय छात्र चार मंजिला मकान से गिर गया। गिरने की आवाज पर आस-पास के लोगों ने विद्यालय प्रबंधन को इसकी सूचना दी। गंभीर अवस्था में आनन-फानन में विद्यालय प्रबंधन बालक को इलाज के लिए फूलो झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचाया। जहां इलाज के क्रम में बालक ने दमतोड़ दिया। मृतक छात्र का नाम आर्यमन कुमार, पिता आशीष मंडल है। वह दूसरी कक्षा का छात्र था। आर्यमन मूल रूप से जामताड़ा जिला के मिहिजाम थाना क्षेत्र के केलाही गांव का रहने वाला था। बालक का ननिहाल दुमका जिला के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के मसालिया रोड स्थित विजयपुर में है। विद्यालय प्रबंधन की माने तो आर्यमन का नामांकन प्लस 2 पीजी विद्यालय में 3 मार्च 2020 को हुआ था। वह कभी वैन से विद्यालय आकर क्लास करता था तो कभी छात्रावास में रहता था। 12 मार्च को उसके अभिभावक द्वारा हॉस्टल पहुंचाया गया था। अन्य दिनों की भांति सुबह वह जगने के बाद तैयार होकर क्लास करने क्लास रूम गया। लंच के समय वह लंच करने विद्यालय के ऊपर किचन गया। हॉस्टल के अन्य छात्र भी किचेन गये थे। अचानक आर्यमन किचेन से निकल कर कब बॉलकनी में गया और कब नीचे गिरा किसी ने नहीं देखा। गिरने की आवाज सुनकर पड़ोस के लोग जब बाहर निकले तो एक मासूम को रोड पर तड़पते देखा। विद्यालय प्रबंधन भी पहुंचा और गंभीर स्थिति में उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचाया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। परिजनों ने विद्यालय प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाया है। सूचना मिलते ही मुफस्सिल थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंच तमाम बिंदुओं पर अनुसंधान करते हुए बालक का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया है। स्कूल प्राचार्य सौरभ दत्ता ने बताया कि लंच का समय था। सभी लंच कर रहे थे। अचानक शोर हुई कि बच्चा गिर गया। लोगों ने बताया कि बालक कूद गया। आनन-फानन में गंभीर अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसकी मौत हो गई। दो दिन से बच्चा नहीं हॉस्टल में नहीं रहना चाह रहा था। घटना को लेकर छात्र का मामा हेमंत कुमार ने विद्यालय प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाया है। गौरतलब हो कि छात्र का नाना प्रकाश गन्धर्व है। जो हिन्दू क्रांति सेना के प्रदेश अध्यक्ष है। मामले में थाना प्रभारी नीतीश कुमार ने बताया कि सूचना पर घटना स्थल पहुंच पुलिस विभिन्न बिन्दूओं पर अनुसंधान में जुट गई है। शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया गया है। परिजनों से किसी प्रकार का लिखित शिकायत अब तक नहीं मिला है। इस घटना के बाद से कई सवालों को खड़े हो रहे है। आए दिन गली मुहल्ले में निजी विद्यालय खुल रहे है। संचालक द्वारा विद्यालय के नियमों का कितना पालन हो रहा है। इसकी जांच कभी नहीं होती है। अपने बच्चे का कैरियर संवारने के चक्कर में अभिभावक भी बच्चों को रेसिडेंशियल विद्यालय में दाखिला करा देते है। लेकिन मासूम के लिए हॉस्टल की जिंदगी किसी जेल से कम नहीं होती। इस घटना का वास्तविक कारण क्या है। यह तो जांच के बाद ही स्पष्ट हो पायेगा। लेकिन इतना जरूर है कि छोटे छोटे बच्चों को छात्रावास में रखने वाले विद्यालय प्रबंधन को बच्चों की सुरक्षा को लेकर अत्यधिक सजग रहने की आवश्यकता है।

## नेशनल हैंडबॉल चैंपियनशिप टेक्निकल ऑफिशियल के लिए चयनित हुए फरीद



खिलाड़ी फरीद

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** अपनी प्रतिभा और परिश्रम के बदौलत दुमका का युवा खेल क्षेत्र में झारखंड का नाम रोशन कर रहे हैं। नेशनल खिलाड़ी, नेशनल कोच और हाल ही में जयपाल सिंह मुंडा खेल रतन पुरस्कार से सम्मानित फरीद खान का चयन टेक्निकल ऑफिशियल के रूप में 45 वां जूनियर गर्ल्स नेशनल हैंडबॉल चैंपियनशिप के लिए हुई। जो बरेली उत्तर प्रदेश में 22 से 26 मार्च को आयोजित होना है। जिसमें फरीद खान नेशनल टेक्निकल और रेफरी के रूप में योगदान देंगे। झारखंड हैंडबॉल संघ के अध्यक्ष बन्ना गुप्ता जो स्वास्थ्य मंत्री भी है। उन्होंने फरीद खान को बधाई देते हुए कहा है कि राज्य से हैंडबॉल गांव-गांव तक पहुंचाने का कार्य सरकार खिलाड़ियों को प्रोत्साहित कर करेगी। झारखंड हैंडबॉल के महासचिव इमरान मसूद खान ने फरीद खान को बधाई देते हुए कहा कि राज्य में हैंडबॉल को बढ़ावा मिलेगा और यहां के बच्चे आगे चलकर भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। दुमका जिला हैंडबॉल संघ अध्यक्ष प्रदीपतो मुखर्जी ने फरीद खान को बधाई देते हुए कहा कि दुमका के लिए यह सम्मान की बात है कि यहां के बच्चे नेशनल गेम के साथ-साथ नेशनल टेक्निकल में भी अपना योगदान दे रहे हैं।

## जल संरक्षण को लेकर एसकेएमयू दिग्घी परिसर में प्राकृतिक जलश्रोत से बनेगा चेक डैम

### जल पुरूष डॉ राजेंद्र सिंह ने विश्वविद्यालय प्रशासन संग किया निरीक्षण

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय परिसर में जल संरक्षण के लिए एक छोटा चेक डैम का निर्माण विश्वविद्यालय प्रशासन करेगी। इस डैम को अगले दो महीने में तैयार कर लिया जाएगा। इस डैम को बनाने के लिए देश के जल पुरूष डा राजेन्द्र सिंह, डा इन्द्रा खुराना की टीम ने विश्वविद्यालय परिसर में प्राकृतिक जल स्त्रोत का निरीक्षण किया। कुलपति प्रो सोना झरिया मिंज ने जल पुरूष डा राजेन्द्र को परिसर के प्राकृतिक जल स्त्रोत डोभा, झरना एवं पहाड़ियों निकलने वाले पानी स्त्रोत को दिखाया। जल पुरूष ने सलाह की दी प्राकृतिक तरीके से बांध बनाकर जल संरक्षण किया जा सकता है। बरसात के दिनों में जल स्त्रोत के ओवर फ्लो होने पर प्राकृतिक तरीके से विश्वविद्यालय के भवनों को बिना नुकसान पहुंचाएं पानी किस तरह से निकले इसकी सलाह दी। कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय के सीसीडीसी डा विजय कुमार से उम्मीद है कि जल्द बांध का निर्माण करा लेंगे। जल पुरूष ने भी सीसीडीसी की प्रशंसा की है। सीसीडीसी डा विजय कुमार ने कहा कि बरसात से पहले ही बांध बना लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि समय सीमा दो महीने की रखी गयी है। वहीं इन्द्रा खुराना ने कहा कि विश्वविद्यालय परिसर में कुलपति प्रो मिंज के प्रयास से प्राकृतिक सौंदर्य बढ़ेगा। साथ ही विभिन्न जीव-जन्तु को आश्रय भी मिलेगा। इस निरीक्षण के दौरान जन संपर्क पदाधिकारी डा शंभू कुमार सिंह भी मौजूद थे।



निरीक्षण करते विश्वविद्यालय प्रशासन एवं जल पुरूष

## छात्रों के बीच मारपीट का मामला पहुंचा थाना

**दुमका।** शहर के दो कोचिंग संस्थान के परचे बांटने को लेकर छात्रों के बीच हुए विवाद का मामला बुधवार को नगर थाना पहुंचा। एक पक्ष के दर्जनों छात्र नगर थाना पुलिस आरोपियों के खिलाफ नगर थाना में लिखित शिकायत किया है। आवेदन में छात्रों ने जानलेवा हमला और मारपीट करने का आरोप लगाया है। छात्रों में मुफस्सिल थाना क्षेत्र के नकटी निवासी मोमित हेम्ब्रम ने बताया कि दोपहर में एलआईसी क्लोनी में सामने एक निजी स्कूल के पास एक्सलेंट अकेडमी का प्रोस्पेक्टर लोगों के बीच बांट रहा था। इसी दौरान नगर थाना क्षेत्र के डंगालपाड़ा निवासी मुद्दसर हुसैन, उसका भाई महबूब सोरेन, राहुल और अमन नामक युवकों ने मारपीट करते हुए जानलेवा हमला किया। पीड़ित छात्र की माने तो पूर्व में दोनों कोचिंग संस्थान एक थे। बाद में किसी विवाद के कारण एक्सलेंट अकेडमी से अलग होकर एक्सप्रेक्ट्रम अकेडमी बना। जिसके संचालक गोल्डी सर है।

## जेएनवी में जागरूकता सह क्विज प्रतियोगिता आयोजित

खबर मन्त्र संवाददाता

**हंसडीहा।** सांख्यिकीय अधिकारी सह प्रभारी दुमका एस के मिश्रा की अध्यक्षता में बुधवार को जवाहर नवोदय विद्यालय हंसडीहा में राष्ट्रीय सांख्यिकीय के क्रिया कलापों पर एक जागरूकता सह क्विज कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि जेएनवी हंसडीहा प्राचार्य एनोस केरकेट्टा एवं सांख्यिकीय अधिकारी सह प्रभारी दुमका के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्जलित कर किया गया। राष्ट्रगान एवं भारतीय सांख्यिकी के जनक प्रशांत चंद्र महालनोबिस के तश्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। उनके द्वारा सांख्यिकी के क्षेत्र में किए गए कार्यों की जानकारी कार्यालय प्रभारी श्री मिश्रा ने दी। श्री मिश्रा ने अपने स्वागत भाषण के पूर्व मुख्य अतिथियों को पुस्तक प्रदान कर उनका स्वागत किया एवं सांख्यिकीय आंकड़ों के महत्व पर प्रकाश डाला और राष्ट्रीय सांख्यिकीय ने किए जा रहे सर्वेक्षण के क्रिया कलापों पर विस्तार से चर्चा करते हुए सराहना किया। कार्यक्रम के दौरान सुनील कुमार, सांख्यिकीय अधिकारी के द्वारा वर्तमान में चल रहे सर्वेक्षणों के बारे में बताया गया और इन सर्वेक्षणों के महत्व पर प्रकाश डाला। जेएनवी हंसडीहा के प्राचार्य श्री केरकेट्टा ने अपने संबोधन में सांख्यिकी सेवा (भारतीय सांख्यिकी सेवा और अधीनस्थ सांख्यिकी सेवा) से बच्चों को जुड़ने की प्रेरणा दी और बताया कि एनएसओ में कार्य करना सिर्फ रोजगार का साधन नहीं अपितु देश सेवा है। अनेक विपरीत परिस्थितियों के बावजूद देश के लिए एक गुणवततापूर्ण आंकड़े एकत्र करना किसी चुनौती से कम नहीं है। कार्यक्रम के अंत में एसके मिश्रा,सुनील कुमार एवं शशि कुमार, वरीय सांख्यिकीय अधिकारी के द्वारा एक क्विज कार्यक्रम आयोजित किया गया और 30 सफल प्रतिभागियों के बीच पुरस्कार स्वरूप कलम और कॉपी वितरित किया। सर्वेक्षण पर्यवेक्षक अमित कुमार झा ने धन्यवाद ज्ञापन किया। मंच का संचालन सर्वेक्षण प्रगणक पूजा कुमारी की। इस मौके पर शिक्षक-शिक्षिकाओं में बीसी झा, संजय कुमार, आलोक कुमार, जुली सिंह, संयुक्ता प्रियदर्शिनी, प्रिया कुमारी सहित अन्य मौजूद थे।

## भागवत कथा के चौथे दिन श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव का प्रसंग सुनाया

**हंसडीहा।** सरैयाहाट प्रखंड के पोखरिया गांव में आयोजित श्रीमद भागवत कथा के चौथे दिन बुधवार को कथा व्यास पंडित बाबा राजहंस जी महाराज द्वारा भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का वृतांत सुनाकर सभी को भक्ति रस से सराबोर कर दिया।श्रद्धालु भगवान श्रीकृष्ण की जय-जयकार कर झूम उठे।कथा व्यास ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने भक्तों का उद्धार व पृथ्वी को दैत्य शक्तियों से मुक्त कराने के लिए अवतार लिया था। उन्होंने कहा कि जब-जब पृथ्वी पर धर्म की हानि होती है, तब-तब भगवान धरती पर अवतरित होते हैं। कृष्ण जन्मोत्सव के दौरान पंडाल में उपस्थित श्रद्धालु मधुर भजनों पर जयकारे लगाकर झूमने लगे। वैदिक पंडित ललित नारायण राजहंस, बसंत कुमार सहित पोखरिया गांव से सटे आसपास के गांवो के सैकड़ो श्रद्धालु मौजूद थे।

## बीएसएफ जवान का पहुंचा शव, माहौल हुआ गमगीन



खबर मन्त्र संवाददाता

**चक्रधरपुर।** सीमा सुरक्षा बल में इंस्पेक्टर के पद पर तैनात चक्रधरपुर प्रखंड के धर्मसाई गांव निवासी बुधलाल जोंको का हार्ट अटैक से निधन हो गया। बुधवार की सुबह बीएसएफ के जवान व अधिकारी बुधलाल जोंको का शव लेकर गांव पहुंचे। शव पहुंचते ही गांव का माहौल गमगीन हो गया। जानकारी के अनुसार बुधलाल जोंको बीएसएफ में इंस्पेक्टर के पद पर श्रीनगर में तैनात थे। 12 मार्च को हार्ट अटैक से उनका आकस्मिक निधन हो गया था। रांची से सड़क मार्ग से पैतृक गांव धर्मसाई पार्थिव शरीर लाया गया। सूचना मिलते ही स्थानीय जनप्रतिनिधि धर्मसाई गांव पहुंच बुधलाल जोंको को श्रद्धांजलि अर्पित किए।

## विधायक सुखराम उरांव ने बंदगांव के जर्जर प्रखंड कार्यालय का मामला विस में उठाया

### कहा बजट में राशि उपलब्ध होते ही कराया जाएगा निर्माण

खबर मन्त्र संवाददाता

**चक्रधरपुर।** चक्रधरपुर विस क्षेत्र अन्तर्गत बंदगांव का जर्जर प्रखंड सह अंचल कार्यालय का मामला विस में उठा। विधायक सुखराम उरांव ने तारांकित प्रश्न में सरकार से जर्जर अवस्था की जानकारी मांगी तथा नए भवन के निर्माण का विचार रखती है या नहीं, इस पर प्रश्न किया। जिस पर विभागीय मंत्री आलमगीर आलम ने भवन जर्जर अवस्था में होने की बात मानी तथा कहा कि जीर्णोद्धार अथवा निर्माण के लिए सक्षम स्तर से तकनीकी स्वीकृति प्रदत्त प्राक्कलन प्राप्त होने एवं पर्याप्त बजटीय उपबंध की उपलब्धता पर कार्यालय भवन के जीर्णोद्धार या निर्माण के लिए अग्रेत्तर कार्रवाई की जाएगी। मालूम हो कि बंदगांव का प्रखंड सह अंचल कार्यालय बेहद जर्जर अवस्था में है। यहां अधिकारी व कर्मचारी जान हथेली पर रखकर कार्य करने को मजबूर है। जिले के लगभग सभी प्रखंडों में नए कार्यालय भवन सह कर्मचारियों के लिए आवास का निर्माण हो चुका है। लेकिन बंदगांव प्रखंड में कार्यालय भवन के साथ आवासीय भवन भी जर्जर अवस्था में है।



**प्रभारी बीडीओ के सहारे चल रहा प्रखंड :** बंदगांव पश्चिमी सिंहभूम जिले के पिछले प्रखंडों में शुमार है। यहां अधिकारी से लेकर कर्मचारी तक की भारी कमी है। करीब एक साल से यहां प्रभारी बीडीओ के सहारे कामकाज चल रहा है। कार्यपालक दंडाधिकारी गिरिजानंद किस्कू वर्तमान में बीडीओ के प्रभार में है। यहां पंचायत सचिव, जनसेवक, रोजगार सेवक की भी भारी कमी है। 13 पंचायतों का बदंगांव प्रखंड दो हिस्सों में बंटा हुआ है। घाटी उपर 7 एवं घाटी नीचे 6 पंचायत है। घाटी नीचे के 6 पंचायतों को मिलाकर कराईकेला को अलग प्रखंड बनाने की मांग भी लंबे से की जा रही है।

## डीडीसी ने किया निरीक्षण, पाए गए कर्मी से मांगा स्पष्टीकरण

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** सदर प्रखंड का डीसी अभिजीत सिन्हा ने निरीक्षण प्रखंड एवं अंचल कार्यालय, दुमका का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में बीईओ, बीपीओ, प्रधान लिपिक शमीम अख्तर बाल विकास परियोजना कार्यालय, दुमका अनुपस्थित पाये गये। उक्त सभी से कारण पृच्छा करने एवं एक दिन का वेतन स्थगित करने का निर्देश दिया। प्रखंड विकास कार्यालय के कर्मियों के लोग बुक की जांच के क्रम संधारण संबंधी त्रुटियां पाई गईं। जिन्हें सुधार कर सम्यक संधारण करने का निर्देश दिया गया। प्रखंड कार्यालय में उपस्थित महिला पर्यवेक्षिका से विगत 5 दिनों में किए गए आंगनबाड़ी केन्द्र के निरीक्षण का प्रतिवेदन समर्पित करने का निर्देश दिया गया। किसी भी परिस्थिति में एक भी आंगनबाड़ी केन्द्र बंद नहीं पाया जाने की हिदायत दी। बीडीओ राजेश सिन्हा को निर्देश दिया गया कि गर्मी के मौसम को देखते हुए सभी गांवों का सर्वेक्षण कर खराब चापाकल की सूची तैयार करें एवं उक्त सूची के आलोक में सहायक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, दुमका के साथ समन्वय स्थापित कर उक्त सभी खराब चापाकलों को मरम्मति के लिए कार्य योजना तैयार कर निर्देश दिया गया। चापकलों एवं पेयजल की समस्या के निवारण को कंट्रोल रूम तैयार करें एवं कंट्रोल रूम सम्पर्क संख्या समाचार-पत्रों के माध्यम से प्रचारित प्रसारित करें। डीडीसी ने प्रथम चिकित्सा पदाधिकारी दिया गया कि आरबीएसके अंतर्गत कार्यरत चिकित्सकों का अग्रिम भ्रमण कार्यक्रम तैयार कर संबंधित विद्यालयों एवं बीडीओ के साथ साझा करने का निर्देश दिया। मनरेगा, आवास, 15वीं वित्त आयोग, पेंशन, आपूर्ति आदि की समीक्षा कर आवश्यक प्रगति एवं सुधार लाने का निर्देश दिया गया।



निरीक्षण करते डीडीसी

## एक नजर में

### माध्यमिक परीक्षा में 5 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित

**लोहरदगा।** जिले में वार्षिक माध्यमिक परीक्षा-2023 अंतर्गत बुधवार को वाणिज्य/गृह विज्ञान विषय की परीक्षा प्रथम पाली में सुबह 9.45 बजे से 1.05 बजे अपराह्न तक हुई। जिला के कुल 09 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा संचालित की गई जो पूरी तरह शांतिपूर्ण एवं कदाचारमुक्त रही। सभी केंद्रों पर परीक्षा सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में ली गयी। परीक्षा में कुल 440 परीक्षार्थियों में से 435 उपस्थित और 05 अनुपस्थित रहे।

### 56 लाभुकों को मिली स्वीकृति पत्र

**लोहरदगा।** कुडु प्रखंड के समीक्षा कक्ष में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया गया । जिसकी अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोरंजन कुमार द्वारा की गई। इस कार्यक्रम में उपप्रमुख ए अंसारी, बीपीओ मनरेगा अरविंद रौशन, लेखा सहायक सुमति कुमारी, सभी पंचायतों के महिला मुखिया, मेट, लाभुक, पंचायत कर्मी उपस्थित हुए। समारोह में उपस्थित सभी मुखिया को सम्मानित किया गया, महिला दीदी-बाड़ी योजना के 56 लाभुकों को योजना स्वीकृति पत्र का वितरण किया गया। समारोह में मनरेगा अंतर्गत योजना के क्रियान्वयन में उत्कृष्ट योगदान के लिए महिला मुखिया चंदलासो एवं ककरगढ़ को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।100 दिन रोजगार दिवस प्राप्त परिवार के महिला सदस्य को भी सम्मानित किया गया, उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालीं महिला मेट को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुखिया, मेट द्वारा उनके प्रगति कार्य में आने वाले चुनौतियों एवम अनुभव साझा किए गए।

### भौरों में विशेष ग्राम सभा का आयोजन

**भंडरा।** प्रखंड के भौरों पंचायत भवन में बुधवार को भौरों मुखिया सुमती तिग्गा की अध्यक्षता में विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। इस ग्राम सभा में 15 वे वित्तीय, मनरेगा, कृषि ,शिक्षा, पेयजल एवं स्वच्छता, कल्याण विभाग से संबंधित, स्वास्थ्य विभाग से संबंधित योजनाओं की चर्चा की गई ।ग्रामसभा के माध्यम से पंचायत में विभिन्न संचालित योजनाओं को मूर्त रूप देने के लिए चर्चा की गई । मौके पर उपस्थित लोगों ने गांव एवं टोला स्तर पर जरूरी सुविधाओं की कमी बताते हुए योजना का क्रियान्वयन हेतु सूचीबद्ध किया गया। मौके पर एलईओ नीता सरकार, पंचायत सचिव रऊफ अंसारी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### एएनएम, जीएनएम व सहियाओं हुईं सम्मानित

**डुमरी।** मध्य विद्यालय टांगरडीह डुमरी के सभागार में बुधवार को परिवार नियोजन कार्यक्रम के तहत सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ चिकित्सा प्रभारी डॉ. रोशन खलखो के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। जिसमें फैमिली प्लानिंग कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले आठ एएनएम, जीएनएम व सहिया को पारितोषिक देकर सम्मानित किया गया। जिनमें एएनएम सुषमा टोप्पो, संगीता एक्का, पूनम तिर्की, ओडील सेलिना टोप्पो, जीएनएम अंजनी कुमारी, सुनीता कुजूर, व सहिया रजनी देवी एवं कमला असुराईन के नाम शामिल हैं।

### झंडा व अखाड़ा पूजा संपन्न

**गुमला।** श्री महावीर मंडल रामनवमी पूजा समिति महावीर चौक गुमला के द्वारा महारामनवमी के उपलक्ष्य में महावीर मंदिर प्रांगण में झंडा पूजन और अखाड़ा पूजन किया गया। पुजा संघ के पूजक द्वारा विधि पूर्वक करवाया गया। जिसे अध्यक्ष सुधांशु केशरी ने सम्पन्न किया। गौरतलब है की उक्त अखाड़ा गुमला का सबसे पुराना अखाड़ा है। जिसकी स्थापना सन 1960 ईस्वी में किया गया जो कि अब तक लगातार चालू है। इस वर्ष समिति का 63 वां वर्षगांठ मनाया जा रहा है।

### कार्यकर्ताओं की भूमिका अहमः सरवर

**गुमला।** सदर प्रखंड कांग्रेस कमेटी की बैठक बुधवार को कलिगा पंचायत के स्वास्थ्य उप केंद्र परिसर में अध्यक्ष गुलाम सरवर की अध्यक्षता में हुई। बैठक में जिलाध्यक्ष चैतु उरांव उपस्थित थे। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष गुलाम सरवर ने कहा कि पार्टी को बूथ व पंचायत स्तर पर मजबूत करना है। जिसके लिए कार्यकर्ताओं की भूमिका अहम होगी। उन्होंने कहा कि झारखंड के महागठबंधन सरकार के जनहित के कार्यों को पार्टी कार्यकर्ता जन-जन तक पहुंचायें। लोगों की समस्याओं के समाधाान की दिशा में कार्यकर्ता काम करें और पार्टी के नीति सिद्धांत से अवगत कराते हुए लोगों को कांग्रेस से जोड़े। उन्होंने कहा कि देश की जनता कांग्रेस पार्टी की ओर बहुत उम्मीदों से देख रही है।

### योग गुरू का मनाया गया जन्मोत्सव

**गुमला।** योग परिवार गुमला के सभी सदस्यों द्वारा योग गुरु श्री संजय साहू का जन्मोत्सव मनाया गया। संजय जी विगत 6 वर्षों से बिरसा मुंडा एग्रो पार्क में योग कक्षा लगाते हैं जहां शहर के प्रबुद्ध जन योग कर स्वास्थ्य लाभ प्राप्त कर रहे हैं। योग परिवार गुमला के अध्यक्ष श्री अशोक जयसवाल ने कहा कि संजय जी गुमला में विगत 6-7 वर्षों से निशुल्क योग करा रहे हैं और समय-समय पर योग जागरूकता हेतु विविध कार्यक्रम कराते रहते हैं। हम सभी निस्वार्थ कर्म प्रेमी योग गुरु श्री संजय जी का आज जन्मोत्सव मना रहे हैं।

### फल विक्रेता को मारी टक्कर, युवक घायल

**गुमला।** गुमला थाना क्षेत्र पालकोट रोड गणेशपुर डीपा के समीप गुमला की ओर से आ रहे बोलेरो चालक ने फल बेचकर ठेला लेकर जा रहे युवक कोडरमा तिलैया निवासी 22 वर्षीय सुनील कुमार को धक्का मारकर फरार हो गया। दुर्घटना में युवक के सर पर व पैर पर गंभीर चोट लगी। वहीं ठेले में रखे सभी फल जमीन पर बिखर गये। घटना के उपरांत स्थानीय लोगों की मदद से युवक को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों की देखरेख में घायल युवक का उपचार जारी है। जानकारी देते हुए घायल ठेला चालक सुनील कुमार ने बताया कि गुमला चेटर में रहकर फल बेचने का काम करता है। वह डुमरडीह स्थित शिव होटल के समीप ठेला में फल बेचता बेचता है। फल बेचकर गुमला आने के क्रम में गणेशपुर डीपा के समीप गुमला की ओर से आ रही बोलेरो वाहन ने धक्का मार दिया।

### शराब पीने को लेकर दो युवक आपस में भिडें

**गुमला।** गुमला शहर के डीएसपी रोड में शराब पीने को लेकर हुए विवाद में दो युवकों के बीच मारपीट हो गई। जिसमे दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। बताते चले कि डीएसपी रोड के दो युवक राहुल उरांव व सुजीत खड़िया दोनों एक साथ शराब का सेवन कर रहे थे। उसी दौरान शराब पीने को लेकर सुजीत खड़िया ने राहुल उरांव को अपशब्द बोल दिया। इसी बीच सुजीत आक्रोशित होकर लकड़ी उठाकर राहुल को दे मारा। जिसे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना में सुजीत को भी गंभीर चोट लगी। मौके पर पहुंचे परिजनों ने दोनों को सदर अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों की देखरेख में दोनों का इलाज चल रहा है।

### मैट्रिक व इंटर की परीक्षा दूसरे दिन रही शांति पूर्ण

**गुमला।** मैट्रिक और इंटर की परीक्षा 14 मार्च से जिले में आरंभ हो गई है। परीक्षा को लेकर सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किये गये हैं। दूसरे दिन मैट्रिक परीक्षा के लिए वोकेशनल विषय का वाणिज्य व गृह विज्ञान परीक्षा व इंटर के लिए हिंदी व इंग्लिश विषय की परीक्षा हुई जो शांति पूर्ण रही। परीक्षा देने आए हैं परीक्षा केंद्रों के बाहर परीक्षार्थियों की भीड़ उमड़ी हुई है। मैट्रिक परीक्षा के लिए 57 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं जहां 16 हजार 404 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हो रहे हैं। जबकि इंटरमीडिएट की परीक्षा 30 केंद्रों में चल रही है। परीक्षा में 10 हजार 186 परीक्षार्थी शामिल हो रहे हैं। सबसे अधिक संख्या कला संकाय के छात्रों की है। जिसमें 8245 छात्राएं हैं तो वाणिज्य संकाय में 970 और विज्ञान संकाय में 971 परीक्षार्थी है। परीक्षा कदाचार मुक्त व शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर सभी केंद्र को सीसीटीवी कैमरे से लैस कर दिया गया है। सीसीटीवी कैमरा की निगरानी में परीक्षा चल रही है। परीक्षा को लेकर दंडाधिकारी की भी नियुक्ति की गई है।